## खास-खबरें

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान आज रायसेन जिले में विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन एवं लोकार्पण



**रायसेन।** केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज (रविवार को) मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर विकास और निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी अनुभा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रातः 10:30 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 11:30 बजे ग्राम खंडेरा पहुंचेंगे तथा यहां स्थित देवी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके उपरांत वे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री चौहान दोपहर 12:30 बजे गैरतगंज पहुंचेंगे तथा यहां आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्रों का वितरण करेंगे। साथ ही आईआईटी भवन तथा रामपुरा सब स्टेशन का लोकार्पण और नगर पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसके उपरांत केंद्रीय मंत्री चौहान दोपहर 1.30 बजे गैरतगंज से प्रस्थान कर दोपहर 03.30 बजे सुनवाहा पहुंचेंगे और देवी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे।

### चोरी गया ट्रक माल सहित जप्त

**गंजबासौदा।** विगत दिवस स्थानीय गल्ला व्यापारी राकेश गुप्ता ने चने से भरा ट्रक गायब होने की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक की छानबीन की और उसके मालिक से गहन पूछताछ की और सही बात उजागर होने पर चार लोगों को पुलिस ने आरोपी बनाया करीब 300 कुंटलचनासे भरा हुआ ट्रक जिसकी कीमत 17 लाख बताई गई है वरामद किया पुलिस की इस चुस्त-दुरुस्त कार्रवाई से व्यापारी ही नहीं अन्य नागरिकों ने भी प्रशंसा की है।

### हाईवे पर प्रसाद वितरण का आयोजन सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया



**औबेदुल्लागंज।** रामनवमीं के अवसर पर हाईवे पर जगह-जगह प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। भोपाल मार्ग पर स्थित निशिता पेट्रोल पंप संचालिक प्रदीप सेंगर ने पंडाल लगाकर हाईवे से गुजरते लोगों को प्रसाद बांटा। सेंगर के साथ उनकी पत्नी पत्नी, बच्चें व परिवार के लोगों ने प्रसाद बनाकर बांटा। प्रदीप सेंगर ने बताया कि 10 वर्षों से हाईवे रोड पर रामनवमी नवरात्रि पर्व पर छोले, हलवा, फेरारी खिचड़ी का वितरण किया जाता है। इस मौके पर भारत पेट्रोलियम के अधिकारी राम कुमार टीसी, गौरव कौशिक टीएम आशीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### नवमी पर निरंजनी अखाड़े में हुआ कन्या पूजन और भंडारा

उज्जैन। रविवार को चैत्र मास की नवमी के अवसर पर बडनगर रोड स्थित निरंजनी अखाड़े में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद रविन्द्रपुरी महाराज द्वारा कन्या पूजन का कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान अष्टमी पर हुई नगर पूजा का भंडारा आयोजित हुआ जिसमें साधु-संतों सहित बड़ी संख्या में लोग प्रसादी ग्रहण करने पहुँचे। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज द्वारा महाअष्टमी पर की गई नगर पूजा के पश्चात नवमी पर निरंजनी अखाड़े में कन्या पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें उन्होंने बालिकाओं के पैर पखार कर उनका पूजन किया। इसके पश्चात अखाड़ों के संत महंतों सहित यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालुओं को आयोजित भंडारे में भोजन प्रसादी ग्रहण कराई गई। इस अवसर पर सभी तेरह अखाड़ों के साधु संत भी मौजूद रहे। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के मीडिया प्रभारी गोविंद सोलंकी ने बताया कि भंडारे के पूर्व यहाँ रवींद्र पुरी महाराज के सानिध्य में महायज्ञ भी संपन्न हुआ।

### पार्वती नदी से दो अवैध मोटर जब्त, नपा और पुलिस टीम नाव से कर रही पहरेदारी

सीहोर। नगर में बढ़ते तापमान के साथ जल संकट गंभीर होता जा रहा है। कलेक्टर ने जिले को जल अभाव ग्रस्त घोषित कर दिया है। प्रशासन ने बिना अनुमति नलकूप खनन पर रोक लगा दी है। आष्टा क्षेत्र में 12 निजी बोर का अधिग्रहण किया गया है। नगरपालिका सीहोर काहिरी बंधान का पानी शहर के लिए संरक्षित कर रही है। पार्वती नदी में पुलिस बल के साथ नाव से गश्त की जा रही है। टीम ने निरीक्षण के दौरान पानी की चोरी करते हुए दो मोटर पकड़ी हैं। शहर की जलापूर्ति काहिरी डेम से होती है। शाजापुर क्षेत्र के किसान बंधान से अवैध रूप से पानी निकालते हैं। नगरपालिका ने इस पर रोक लगाने के लिए विशेष टीम बनाई है।

# सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है भाजपाः जिलाध्यक्ष

सीहोर।

**विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस सीहोर भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में उत्साह के साथ मनाया गया।**




स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला कार्यालय को लाईटिंग से सजाया गया कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा द्वारा फहराया गया और जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा द्वारा सभी कार्यकर्ताओं का मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।तत्पश्चात जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा जी द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा गया कि आज जब हमारी पार्टी 46वां स्थापना दिवस मना रही है तब हम गर्व से कह सकते है, कि हम जिस स्वर्णिम एवं विश्वगुरु भारत का सपना देखते थे आज हम उस मार्ग पर चल रहे है आज़ादी के बाद से भारत के कानूनों में जो कमी थी आज उस कमी को दूर करते हुए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व हम सुदृढ़ तरीके से भारत के उत्थान के लिए काम कर रहे है।

हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए आतंकियों के नेटवर्क को तोडने के लिए नोटबंदी की गई, भारत में टैक्स सिस्टम से आमजनों की परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए जीएसटी कानून लागू किया गया जिस कर प्रणाली में सुधार हुआ। हमारी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाया जिससे आज वहां खुशहाली है। तीन तलाक कानून से मुस्लिम महिलाओं को आजादी दिलाई। वक्फ कानून के साथ ही अनगिनत ऐसे निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा लिए गए जिससे भारत अपने परम वैभव को पुनः प्राप्त करने की और अग्रसर हो रहा है। राजनीति केवल सत्ता प्राप्त करने का साधन नहीं है।

बल्कि समाज को अपेक्षित दिशा में प्रगति पथ पर ले जाना भी उसका कार्य है। इसके लिये संगत दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जो संगत विचारधारा से प्राप्त होता है। आज भारत के अन्य सभी राजनैतिक दलों की विचारधारा शून्यता की शिकार हैं। केवल भाजपा ही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद तथा पंचनिष्ठाओं की संगत विचारधाराओं के आधार पर संगठन का नियमन कर रही है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन , भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, जिला महामंत्री रवि नागले, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री पंकज गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति , वरिष्ठ नेता मेहरबान सिंह बलभद्र, डॉ. गगन नामदेव, आशीष पचौरी, आशुतोष त्यागी, राजेश परिहार, पार्षद नरेन्द्र राजपूत, पार्षद लोकेंद्र वर्मा जी, सुभाष मेवाड़ा, हरीश राठौर, जयकिशन त्यागी, गुलशन जैन, ललित सिंदूरिया, गोलू राठौर, गौरव यादव सहित सभी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## उज्जैन के तराना रोड स्टेशन के पास बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस में लगी आग



उज्जैन।

**उज्जैन जिले में तराना के पास रविवार शाम को बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस ( 20846 ) ट्रेन में आग लग गई। आग ट्रेन के एसएलआर ( जनरेटर डिब्बे ) में लगी। धुआं उठने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रेलवे का तकनीकी अमला भी मौके पर पहुंच गया और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।**

रतलाम रेल मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने बताया कि ट्रेन बीकानेर से चलकर बिलासपुर जा रही थी। रविवार शाम करीब 5:30 बजे तराना रोड स्टेशन से पहले ट्रेन के पावर कोच में आग लगी। इसके बाद ट्रेन से इस डिब्बे को अलग कर दिया गया। इस दौरान तराना से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाकर आग पर काबू पाया। ट्रेन को तराना स्टेशन पर रोक दिया गया था। आग पर काबू पाने के बाद उज्जैन रेलवे स्टेशन से पावर कोच मंगाया गया। इसके बाद शाम 6:32 बजे पर ट्रेन को भोपाल के लिए रवाना किया। बताया जा रहा है कि ट्रेन में आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीण मुकेश रावल ने बताया कि ट्रेन में आग उस समय लगी, जब वह काली सिंध नदी के ब्रिज पर थी। इस दौरान रेलवे के कर्मचारियों के साथ मिलकर पावर कोच में लगी आग को बुझाने के लिए पानी और अन्य साधनों से प्रयास किए। ट्रेन में आग लगने के बाद का वीडियो भी सामने आया है। इसमें कुछ लोग कोच के कांच फोड़ कर और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

## अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को योजना का लाभ पहुंचाना है : शैलेंद्र गिरी



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर शिव की नगरी भोजपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा रैली निकाली गई। सभी कार्यकर्ताओं ने भोजपुर में अपने-अपने घरों पर भाजपा के झंडे भी लगाए। इसके बाद सभा का आयोजन हुआ, जिसमें भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गिरी ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को पं.दीनदयाल व मुखर्जी जी के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। आज उनके सिद्धांतों पर चलकर ही भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि हर गांव में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को यदि हमने सभी योजनाओं का लाभ दिला दिया, तो यहीं उनको हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर ज्ञानड्क्षसह सिलावट, महेंद्र चौधरी, पदमड्क्षसह कीर, विनोद कीर, नेत्रसिंह, याद राम चौकसे, करनड्क्षसह, कंछेदीलाल, प्रताप ड्क्षसह आदि उपस्थित थे।

## श्री राम नवमी पर निकली भगवान की शोभायात्रा

गंजबासौदा।

**रविवार को शहर में रामनवमी बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मनाई गई सुबह से ही मंदिरों में श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे दोपहर 12 बजे मंदिरों में बड़े ही धूमधाम से श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया।**



वही श्री राम जन्मोत्सव समिति द्वारा भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा का जगह जगह अभूतपूर्व स्वागत किया गया। शोभायात्रा स्थानीय त्योंदा रोड से प्रारम्भ होकर भव्य आकर्षक झांकियों के साथ श्री राम की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई वही बाहर से आए कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई जिसमें शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ जनप्रतिनिधि व रघुवंशी समाज के हजारों सामाजिक बंधु उपस्थित थे भव्य शोभायात्रा त्योंदा रोड, मीलरोड स्टेशन रोड, जय स्तम्भ चौक ,बरेठ रोड होती हुई रघुवंशी समाज की धर्मशाला पहुंची जहां भव्य शोभायात्रा का समापन हुआ वही श्री राम के चित्र की आरती व विधिविधान से पूजन अर्चन की गई शोभायात्रा में क्षेत्र के अनेक साधु संत सहित नगर के लोग शामिल हुए।

## गीतोश्री प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला ट्रॉफी और नगद पुरस्कार



**जबलपुर।** बंग भाषियों की संस्था सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोसियेशन सिटी बंगाली क्लब जबलपुर में शताब्दी वर्ष समारोह अंतर्गत फिल्मी सॉन्ग आधारित प्रतियोगिता गीतोश्री 2.0 का आयोजन किया गया जिसमें 90 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । चार ग्रुपों सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और प्रतिभा सम्मान ग्रुप में पांच पांच प्रतियोगी फाइनल में पहुंचे थे । महाष्टमी को आयोजित ग्रैंड फिनाले में जज के रूप में कुलजीत सिंह, शामिक पाल, शर्मिष्ठा घोष, सचिन उपाध्याय ने विजेताओं का चयन किया।

परिणामः सब जूनियर ग्रुप में प्राप्ति पचौरी प्रथम, अवनी धनोपिया द्वितीय एवं अकमल फ़राज़ तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर ग्रुप में अन्वी मिश्रा प्रथम , शिक्षा कोरी द्वितीय, मानस श्रीवास्तव को तृतीय स्थान मिला। सीनियर ग्रुप में प्रियांशी शर्मा प्रथम, फाल्गुनी घनसेला द्वितीय एवं हर्ष विश्वकर्मा तृतीय स्थान पर रहे। वरिष्ठों का प्रतिभा सम्मान ग्रुप में अंजन दासगुप्ता प्रथम, अनुरुद्ध चक्रवर्ती द्वितीय एवं सुनील कुमार नागें को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

**नगद और ट्रॉफी पुरस्कारः** प्रथम पुरस्कार 11 हजार , द्वितीय 8 हजार, तृतीय 5 हजार एवं प्रतिभा सम्मान ग्रुप के विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए गए इसके अलावा सभी विजेताओं को ट्रॉफी प्रमाणपत्र तथा सभी फाइनल के सभी प्रतिभागियों को गिफ्ट हैंपर दिया गया।ये सभी पुरस्कार कार्यक्रम के अतिथि डॉक्टर विजित गुहा, संजय नागरकर ने वितरित किए। इस अवसर पर संस्था के सुब्रत पाल, प्रकाश साहा, सुरजीत गुहा, डी के रॉय, नीलाद्री चैटर्जी, अनुराग पाल, शेखर डे, विजय भट्टाचार्य, नीलाद्री चैटर्जी, सौरव सोम, आशीष सेन, आशीष घोष, कांति रॉय , संगीता भद्रा आदि उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल चोर को 1 वर्ष कारावास एवं 500 रुपए का अर्थदण्ड

विदिशा (निप्र)। सुश्री रिनी खान जेएमएफसी विदिषा द्वारा मोटर साईकिल चोरी करने वाले आरोपी मोहर सिंह निवासी विदिषा को 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500 रू. अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया।

अभियोजन के अनुसार फरियादी षिवकांत तिवारी 8.09.2024 को सुबह 8 बजे अपनी मोटरसाईकिल हीरो होण्डा स्पलेंडर को ताला लगाकर रेल्वे स्टेषन के प्लेटफार्म क्रमांक 01 की पार्किंग में खड़ा करके ट्रेन से बीना गए थे। उसी दिन जब वे वापस विदिषा आए तो उन्होंने देखा कि उनकी गाड़ी उस स्थान पर नहीं थी, जहां उन्होने रखी थी। उसने आसपास तलाष किया परन्तु गाड़ी नहीं मिली। उन्होने आसपास एक-दो दिन और तलाष किया परन्तु मोटरसाईकिल नहीं मिली। फिर उसके द्वारा दिनांक 11.09.2024 को कोतवाली विदिषा में उक्त घटना की रिपोर्ट लेखबद्ध कराई गई।

### जय स्तंभ चौक पर सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ



गंजबासौदा।

रामनवमी के शुभ अवसर पर स्थानीय जय स्तंभ चौक पर सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ एक शाम स्वतंत्रता सेनानियों के नाम के सदस्य गण एवं प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ की टीम द्वारा शीतल पेयजल के पात्र स्थानीय स्तंभ चौक पर रखे गए इस अवसर पर यातायात प्रभारी निरपत सिंह लोधी, देवकीनंदन गुरु, एवं एक शाम स्वतंत्रता सेनानियों के नाम एवं प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ एवं स्व.केपी सक्सेना सेवा संस्थान के सदस्य एडवोकेट राजपाल सिंह राजपूत एडवोकेट दिनेश नामदेव , पत्रकार हेमंत आंनद, सौरभ सक्सेना, मनोज खटवानी, उपदेश जोगी, चंद्र मोहन सैनी, श्रीनारायण औदिच्य, कमलेश रज्जक, देवेंद्र कुशवाह,मनीष तिवारी, बलवीर दांगी आदि सदस्य गण उपस्थित हुए।

**स्पेशल खबर** बच्चों को रोजगार दिलाने के लिए सभी मिलकर प्रयास करेंगे तो और भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे

# चयनित छात्र-छात्राओं को शिक्षाविदों ने किया सम्मानित

बरेली।

**बरेली नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्थान प्रिंसटन कॉलेज, में गुरुवार 03 अप्रैल को रोजगार मेला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें विभिन्न कम्पनियों द्वारा 200 से अधिक विद्यार्थियों को अच्छे वेतन पर चयन किया गया।**

यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष संस्था में अध्ययनरत एमबीए के विद्यार्थियों को बहुप्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी देने के उद्देश्य से किया जाता हैं, जिसके माध्यम से विगत वर्षों में सैकड़ों विद्यार्थियों को रोजगार का लाभ मिला है, संस्था के चेयरमेन ठा. महेन्द्र सिंह जी द्वारा यह एक अच्छी पहल है जो विधार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य कर रहे है। उपस्थित सभी शिक्षाविदों छात्र-छात्राओं को कालेज के संचालक महेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि हम सभी मिलकर भविष्य और भी प्रयास करेंगे तो और भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होने कहा कि मेरा तो प्रयास हमेशा रहता है साथ ही अन्य शैक्षणिक संस्थाओं को भी प्रयास करना चाहिए, उन्हे भी इस तरह के प्लेसमेंट कार्यक्रम कराना चाहिए जिससे हमारे क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा बच्चों को रोजगार मिल सके। उन्होने शासकीय स्कूल और कालेजों में भी इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए उससे बच्चों में कुछ सीखने करने की प्रेरणा मिलती है। उपस्थित सभी लोगों का मैं धन्यबाद ज्ञापित करता हूं, आप सभी के स्नेह प्रेम से यह कार्यक्रम सफल हुआ। बाहर से पधारे हुए सभ्जी कंपनियों के चेयरमेनों को भी मैं बधाई देता हूं उन्होने हमारे बच्चों का अच्छे वेतन भत्तों के साथ चनय किया उनका आभारी हूं। इस कार्यक्रम में पीजी कालेज के प्राचार्य नीरज दुबे ने अपना उद्धबोधन दिया और कहा कि



बरेली के लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए कि कार्य कैसे किया जाता है। बरेली कालेज की स्थापना, बरेली नगर के समानित लोगों द्वारा जमीन दान में दी गई थी उससे इस कालेज का निर्माण किया गया था। इस कालेज से कई विद्यार्थियों ने बरेली नगर का नाम मध्य प्रदेश के साथ बाहर भी रोशन किया है। कहने का तात्पर्य यह है कि प्रिसंटन कालेज के संचालक द्वारा आज से बीस वर्ष पूर्व कालेज की स्थापना की गई थी जब छोटी-छोटी कक्षाओं के द्वारा कालेज संचालित होता था। उन्होने बच्चों के भविष्य को देखते हुए मन में द्रण विश्वास के साथ कुछ करने की सोची तो उन्होने अपनी संस्था के द्वारा बच्चों के हितों में इतना बड़ा प्लेसमेंट का कार्यक्रम करा दिया। अन्य संस्थाओं को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

इसी कार्यक्रम को प्राचार्य यूएस अहिरवार ने भी संबोधित किया और कहा कि ऐसे रोजगारोंमुखी कार्यक्रम होते हैं तो बच्चों में उत्साह का संचार होता है। हमारी स्कूल की बेटिया पूछ रही थी इस तरह का आयोजन हमारी संस्थाओं में भी होना चाहिए। बालक हायर से. स्कूल के प्राचार्य केके बानी ने संबोधित करते हुए कहा कि बरेली नगर में दो-तीन वर्षो से इस तरह का आयोजन इस संसथा के द्वारा किया जा रहा है बहुत ही सराहनीय कार्य है। हमारे क्षेत्र के कई बेटे-बेटियों को रोजगार मिल रहा है।हम अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं।

सांसद प्रतिनिधि नीतिराज पटेल ने भी संबोधित किया और कहा कि बच्चों के पढ़ाई के साथ उनको रोजगार दिलाने के लिए संस्था के संस्थापक के द्वारा बिना शुल्क लिए इतना बड़ा आयोजन दो तीन वर्षो से कर रहे हैं इसके लिए वह साधुवाद के पात्र हैं। सभी को मिलकर बच्चों के भविष्य के लिए इस तरह के प्रयास करने ही होंगे जब ही हमारा प्रदेश में बच्चों को राजगार मिल पायेगा। इस कार्यक्रम को अन्य शिक्षा से जुड़े लोगों ने भी संबोधित किया। उपस्थित अतिथियों के द्वारा कंपनियों के द्वारा चयनित सभी छात्र-छात्राओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। बरेली नगर के उपस्थित पत्रकारगणों ने भी इस कार्यक्रम की प्रसंशा की उनके द्वारा भी नियक्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के समापन पर मंचीय कार्यक्रम हुआ, जिसमें क्षेत्र के शिक्षा जगत के वरिष्ठ शिक्षको के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किय गयें इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। आपको बता दें कि यह संस्था विगत 24 वर्षों से लगातार शिक्षा जगत में बहुत ही प्रभावशाली कार्य किये हैं संस्था में एमबीए के साथ बीएड, डीएड एवं स्नातक/स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम भी संचालित किये जाते हैं। इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक डीएस राजपूत ने किया एवं उनका सहयोग शिक्षक राजेश हजारी द्वारा किया गया एवं सभी का आभार कालेज के प्राचार्य मीणा द्वारा व्यक्त किया गया।